**Fourteenth Loksabha**

**Session : 10**
**Date : 08-05-2007**

**Participants : Mahto Shri Tek Lal**

an>

Title: Need to denotify forest areas from the coal belt of Central Coal Fields Limited.

**श्री टेक लाल महतो (गिरीडीह):** सभापति महोदय, मैं अति लोक महत्व की समस्या पर सदन का ध्यान आकर्ति करते हुए कहना चाहता हूं कि सैंट्रल कोल-फिल्ड्स लिमिटेड ने वन भूमि से कोयला खदान चलाने हेतु कोलियरी से 400 करोड़ रुपयों से अधिक की राशि जमा की है। बी ऐंड के-8.92 करोड़, ढोरी-14.12 करोड़, हजारीबाग-9.57 करोड़, कुजू-7.47 करोड़, गोबिन्दपुर फेज 2 -14.28 करोड़, खासमहल ओ.सी.पी.- 19.12 करोड़, रेलीगढ़ा ओ.सी.पी.- 14.47 करोड़, सिरका- 5.58 करोड़, आरा ओसीपी- 18.75 करोड़, लैया यू/जी-6.43 करोड़, तोपा-8.13 करोड़, गिद्दी-21.84 करोड़, अरगढ़ा यू/जी- 9.54 करोड़, पुंडी ओ.सी.पी.- 5.04 करोड़, गिद्दी सी-21.29 करोड़, केदला ओसीपी-18.61 करोड़ केदला यू/जी- 2.45 करोड़, कुजु यू/जी-9.81 करोड़, सारुबेड़ा ओ.सी.पी.- 18.01 करोड़, ढोरी खास-18.04 करोड़, स्यालडीह- 18.31 करोड़, एनएसडी यू/जी- 6.84 करोड़, प्र ोज ई.- 8.61 करोड़, उरीमरी ओसीपा- 3.29 करोड़ व न्यू सेलेटेड ढोरी-8.84 करोड़ रुपए हैं। लगभग 400 करोड़ रुपए सरकारी खजाने में जमा कर दिया गया है किन्तु खेद है कि वन विभाग से अभी तक आदेश प्राप्त नहीं होने के कारण उपरोक्त सभी कोलियरियां बंद होने की कगार पर हैं। मजदूरों को घर बैठा कर वेतन देना होगा जिससे राजस्व की बहुत बड़ी क्षति होगी। कोयला नहीं मिलने के कारण कई कल-कारखाने बंद हो जाएंगे एवं आर्थिक तथा औद्योगिक विकास ठप्प हो जाएगा। अतः मेरा सदन के माध्यम से आग्रह है कि शीघ्र इन सभी कोलियरियों को वन विभाग के वन सीमा से बाहर कराने का आदेश निर्गत किया जाए।

MR. CHAIRMAN : Now, Shri Girdhari Lal Bhargava – not present.

Shri Abu Ayes Mondal.